Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7606	30.07.2023	01.08.2023	Barmer Rajasthan	www.patrika.com/Hindi https://www.patrika.com/barmer-news/maleria-fever-8403179/
Title:	**Malaria positive 400 cases and dengue 50 cases in Barmer, Rajasthan**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Barmer, SSU- Rajasthan			

बाड़मेर में मौसमी बीमारियां मलेरिया, डेंगू और आईफ्लू के केस बेतहाशा बढ़ रहे है। बेकाबू हो रही बीमारियों के पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मलेरिया के मामले तो रोजाना सामने आ रहे है। डेंगू केस भी सामने आने लगे है। जबकि डेंगू से अभी कुछ राहत मिली हुई थी।

मौसमी बीमारियों से हर घर लोग बीमार हो रहे है। आई फ्लू में तो हालात यह है कि परिवार के एक सदस्य के होने के बाद सभी चपेट में आ रहे है। कुछ इसी तरह की स्थिति मलेरिया के मामलों में भी सामने आई है। रॉय कॉलोनी में भी मलेरिया काफी तेजी से बढ़ रहा है। वहीं ग्रामीण इलाकों से रोजाना पीड़ित अस्पताल पहुंच रहे हैं।

अब डेंगू का खतरा ज्यादा

बरसात के पहले भी मलेरिया बढ़ा है अब खतरा और ज्यादा है। विशेषज्ञ बताते है कि अब डेंगू के केस सामने आने का अंदेशा है। पिछले कुछ दिनों तक डेंगू के मामले कुछ कम रहे थे। लेकिन बरसात के चलते अब डेंगू का खतरा बढ़ गया है। नए केस भी अस्पताल में रिपोर्ट हुए है।

हर घर बुखार के बीमार

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

बुखार के पीड़ित घर-घर में सामने आए है। जांच में मलेरिया के केस भी मिले है। इनमें बच्चे भी शामिल है। अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में भी ईजाफा हुआ है। चिकित्सक बताते है कि वायरल के पीड़ित काफी है। वहीं मलेरिया के केस भी रोजाना आ रहे हैं।

राजस्थान में 611 केस, बाड़मेर में 400

चिकित्सा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पूरे राज्य में 28 जुलाई तक कुल 611 केस मलेरिया के मिले है। इनमें से 400 केस केवल बाड़मेर जिले के है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मलेरिया थार में कितनी तेजी से पांव पैसार रहा है।

बाड़मेर में आईफ्लू बेकाबू, पीड़ितों की संख्या हजारों में

आईफ्लू के पीड़ित अस्पताल में रोजाना सैकड़ों की संख्या में पहुंच रहे है। इनमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल है। नेत्र विभाग की ओपीडी में रोजाना 500-600 मरीज आईफ्लू के पहुंच रहे है। आंखों की बीमारी संक्रमण के चलते एक से दूसरे मरीज में पहुंच रही है। पिछले 15 दिनों से आईफ्लू कहर बना हुआ है।

बाड़मेर : कैसे बढ़ा मेलरिया

28 जुलाई : 400
21 जुलाई : 371
14 जुलाई : 349
07 जुलाई : 308
30 जून : 250
स्रोत : चिकित्सा विभाग

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!